नई दिल्ली, मंगलवार
30 जून, 2020
ग्रेटर नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

www.jagran.com

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

विकास | **प्रदेश सरकार की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर केंद्र ने जताई सहमति**

एलिवेटेड रोड से जुड़ेंगे आइजीआइ व जेवर एयरपोर्ट

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आइजीआइ) से जोड़ने के लिए एलिवेटेड रोड बनाई जाएगी। प्रदेश सरकार ने इसका प्रस्ताव केंद्र को भेजा था। केंद्र ने इस पर सहमति जताई है। जेवर एयरपोर्ट को कनेक्टिविटी देने के लिए मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट पर स्टडी कराई जा चुकी है।

जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को आइजीआइ दिल्ली से जोड़ने के लिए एलिवेटेड रोड बनाने की योजना है। प्रदेश सरकार की ओर से इसका प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया था। हालांकि यह प्रस्ताव काफी दिनों तक ठंडे बस्ते में पड़ा रहा। प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक केंद्र ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए एलिवेटेड रोड के लिए सहमति जताई है। इस प्रस्ताव को धरातल पर उतारने के लिए केंद्र के साथ यमुना प्राधिकरण के अधिकारी समन्वय करेंगे। दोनों के आपस में जुड़ने से यात्री बहुत कम समय में एक से दूसरे एयरपोर्ट पर आ जा सकेंगे। यमुना प्राधिकरण ने जेवर एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के लिए राइट्स से मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट पर स्टडी कराई थी। इस रिपोर्ट को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय व शहरी विकास मंत्रालय को भेजा गया था। जेवर एयरपोर्ट को सबसे अधिक यात्री दिल्ली-एनसीआर से मिलने का अनुमान है। इसलिए दिल्ली एनसीआर में जेवर एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी पर खास जोर है। इसे मेट्रो व सड़क से जोड़ने की योजना है।

गंगा एक्सप्रेस-वे से कनेक्टिविटी के लिए तलाशी जाएंगी संभावनाएं

गंगा के किनारे प्रस्तावित एक्सप्रेस वे से जेवर एयरपोर्ट को कनेक्टिविटी देने के लिए भी संभावनाएं तलाश की जाएंगी। मेरठ से प्रयागराज के लिए प्रस्तावित इस एक्सप्रेस वे से जेवर एयरपोर्ट को बुलंदशहर में जोड़ने की संभावनाएं तलाश की जाएंगी। यमुना प्राधिकरण ने इसके लिए गंगा एक्सप्रेस वे का प्लान मंगाया है। उल्लेखनीय है कि ईस्टर्न व वेस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे से भी जेवर एयरपोर्ट को कनेक्टिविटी देने की योजना है।